संख्या-871/63-व0उ0-2010-2(एच)/03

प्रेषक,

सुरेन्द्र कुमार
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा वस्त्रोद्योग अनुभाग — लखनऊ : दिनांक: 28 जुलाई,2010

विषयः- वेतन समिति-2008 के आठवें प्रतिवेदन में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग में विद्यमान लैब शाखा तथा क्षेत्र शाखा के अधीक्षक (वस्त्र) एवं प्राविधिक सहायक (गुण चिन्हांकन योजना) तथा अधीक्षक उत्पादन श्रेणी-1/अधीक्षक उत्पादन श्रेणी-2 के वेतनमान विसंगति/पुनर्गठन के सम्बन्ध की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णय के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-166/ह0क0-अधि-04/2010-11 दिनांक 29 अप्रैल 2010 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वेतन समिति 2008 के आठवें प्रतिवेदन में की गई संस्तुतियों पर वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-258/दस-54 (एम)/2008 दिनांक 09 मार्च 2010 द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के लैब शाखा तथा क्षेत्र शाखा के अधीक्षक (वस्त्र) वेतनमान रू0 4500-7250 तथा प्राविधिक सहायक (गुण चिन्हांकन योजना) वेतनमान रू0 5000-8000 को संविलीन करते हुए वेतनमान रू0 5000-8000 के पुनरीक्षित वेतन संरचना में सादृश्य वेतन बैण्ड रू0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रू0 4200 तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि अधीक्षक उत्पादन श्रेणी-2 वेतनमान रू0 4500-7250 तथा अधीक्षक उत्पादन श्रेणी-1 वेतनमान रू0 5000-8000 को संविलीन करते हुए वेतनमान रू0 5000-8000 के पुनरीक्षित वेतन संरचना में सादृश्य वेतनबैण्ड रू0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रू0 4200 तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किये जाने की भी श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- उपर्युक्त संशोधित/उच्चीकृत वेतनमानों में सम्बन्धित वेतनमानों में सम्बन्धित कार्मिकों के वेतन निर्धारण की प्रकिया वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-वे0आ0-1-841/दस-2009-59 (एम)/08 दिनांक 24.12.2009 में निहित व्यवस्था के अनुसार की जाएगी।

4- उक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-वे0आ0-1-291/दस-2010, दिनांक 26 जुलाई, 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(सुरेन्द्र कुमार)
अनु सचिव।

संख्या-871(1)/63-व0उ0-2010,तद् दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखापरीक्षा) प्रथम,उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
3- वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-6
4- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2, वित्त (सामान्य) अनुभाग-1/2
5- गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से,

(सुरेन्द्र कुमार)
अनु सचिव।